हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

04 मन, वचन और कर्म से अच्छे कर्म करें, तभी मिलेगा अच्छा फल : मुनिश्री



05 अधिकारियों को ट्रेनें बंद करने, नई ट्रेनें चलाई जाने व स्टेशन पर सुविधाएं ...



समाचार संक्षेप

आज शहर के कई क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

गुना । सहायक प्रबंधक शहर म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ने बताया हैं कि 11 केव्ही टेकरी फीडर पर दीवाली पर्व पूर्व पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य होने से दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड़, बूढे बालाजी आदि क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। इसी प्रकार प्रबंधक कैंट जोन म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ने बताया हैं कि 11 केव्ही कैंट फीडर पर दीवाली पर्व पूर्व पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य होने से दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक पटेल नगर, ढ़ौगापुरा, गुलाबगंज, खेजरा रोड़, कालापाठा, केन्ट चौराहा, केन्ट सब्जी मंडी, कांजी हाऊस आदि क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। उक्त समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया व बढाया जा सकता हैं।

27 अक्टूबर से लगेंगे निःशुल्क सहायक उपकरण मूल्यांकन शिविर

गुना। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) एवं गेल (इंडिया) लिमिटेड की सीएसआर योजना के अंतर्गत एलिम्को, जबलपुर द्वारा गुना जिले में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 27 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक मूल्यांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शिविरों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सभी शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होंगे। **शिविरों का कार्यक्रमः** 27 अक्टूबरः ग्राम उकावद, जनपद पंचायत राघौगढ़, 28 अक्टूबरः जनपद पंचायत बमोरी, 29 अक्टूबरः कम्युनिटी हॉल, चांचौड़ा, 30 अक्टूबरः ग्राम पंचायत घटावदा, आरोन, 31 अक्टूबरः जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, गुना, 1 नवंबरः जनपद पंचायत आरोन, 2 नवंबरः जनपद पंचायत राघौगढ़ , 3 नवंबरः नगर परिषद कुंभराज में आयोजित होंगे।

कलेक्टर द्वारा आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

गुना । कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले के 01 आदतन अपराधी को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के अंतर्गत जिलाबदर करने के आदेश जारी किए गये हैं। जारी आदेश अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कन्याल ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी सोहिल खान पुत्र निजाम खान उम्र 26 साल निवासी पटेलनगर गुना थाना कैंट जिला गुना को 01 वर्ष के लिये गुना जिला एवं इससे लगी सीमावर्ती जिले शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, भोपाल की सीमा से निष्कासन संबंधी आदेश पारित किये गये हैं।

7 साइबर ठगी के शिकार लोगों को वापस कराई 76,381 रुपए की रकम

गुना। साइबर ठगी के 7 और पीड़ितों के 76,381 रूपये पुलिस ने वापस कराए है। जिले में ऑनलाइन धोखाधड़ी के पीड़ितों द्वारा साइबर ठगी संबंधी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं । इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं साइबर सेल टीम को पीड़ितों की ठगी गई राशि वापस दिलाने के लिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए जाते हैं । निर्देशों के पालन में साइबर सेल टीम द्वारा प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच कर ठगी की राशि जिन बैंक खातों में स्थानांतरित हुई है, उनकी जानकारी जुटाई जाती है । इसके बाद पोर्टल की प्रक्रिया के माध्यम से संबंधित बैंक खातों में राशि होल्ड कराने की कार्यवाही की जाती है, ताकि ठगी की रकम को आगे अन्य खातों में स्थानांतरित होने से रोका जा सके । साइबर सेल टीम की त्वरित तकनीकी कार्यवाही एवं संबंधित बैंकिंग संस्थानों के साथ समन्वय के परिणामस्वरूप निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 07 और आवेदकों शुभम जैन, अवनीश ग्वाल, अभिषेक, अंकित शर्मा, शरीफ मौहम्मद, दीपा रघुवंशी एवं दिलीप धाकड़ के साथ हुई साइबर ठगी के प्रकरणों में कुल 76,381 रूपये की धनराशि उनके बैंक खातों में वापस कराई गई ।

मक्का की आवक बढ़ते ही चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था ऊमरी रोड तक लगी वाहनों की लंबी कतारें



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रबी सीजन के आगाज़ के साथ ही नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में मक्का की बंपर आवक देखने को मिल रही है। हालांकि, उपज की आवक में हुई इस बढ़ोतरी के साथ ही मंडी परिसर के आसपास यातायात व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो गई है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की अप्रत्याशित संख्या के कारण मंडी गेट और मुख्य मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे आम नागरिकों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। गुरुवार की सुबह मंडी गेट पर उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की अचानक कतारें लग जाने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार मंडी प्रांगण से बढ़कर उमरी रोड तक पहुंच गई। इस दौरान भारी वाहनों के साथ-साथ दोपहिया व चारपहिया वाहन भी घंटों जाम में फंसे रहे। जाम का सबसे ज्यादा असर सुबह के समय अपने गंतव्य की ओर निकल रहे लोगों पर पड़ा। अपने-अपने वाहनों से स्कूलों के लिए निकले छोटे-छोटे बच्चे और ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारी काफी देर तक रास्ते में अटके रहे। राहगीरों का कहना है कि मंडी में आवक के इस दौर को देखते हुए यातायात पुलिस और मंडी प्रशासन को समय रहते पुख्ता इंतजाम करने चाहिए थे, ताकि शहर की इस प्रमुख सडक़ पर आवागमन बाधित न हो। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि मंडी गेट पर व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाए।

सफाईकर्मियों का फूटा गुस्सा, 16 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

गुना। अपनी वर्षों से लंबित 16 सूत्रीय न्यायसंगत मांगों के निराकरण की मांग को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन ने एक बार फिर हुंकार भरी है। संगठन के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश भर के सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल करने को मजबूर होंगे।

विधायक पन्नालाल ने दिग्विजय सिंह पर बोला हमला, 'सत्य सनातन' यात्रा पर किया प्रहार

महाकाल के गमछे, आरोन के कब्रिस्तान और मानस भवन पर कांग्रेस को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अपने बेबाक और तीखे बयानों के लिए हमेशा राजनीतिक गलियारों में सुर्खियों में रहने वाले गुना के भाजपा के विधायक पन्नालाल शाक्य ने एक बार फिर ऐसा सियासी धमाका किया है, जिससे प्रदेश की राजनीति में सुगबुगाहट तेज हो गई है। गुरुवार को स्थानीय स्तर पर बुलाई गई एक पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक ने कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर जोरदार हमला किया। इसके साथ ही उन्होंने आरोन के विवादित मुद्दों, वोट चोरी के आरोपों, गुना के ड्रीम प्रोजेक्ट्स और सबसे बढक़र अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर खुलकर सवाल खड़े कर दिए, जिसने राजनीतिक जानकारों को भी चौंका दिया है।

महाकाल के गमछे के अपमान पर घेरा

पत्रकार वार्ता की शुरुआत करते हुए विधायक पन्नालाल शाक्य ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की हालिया यात्रा पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस ढलती उम्र में भी वह सिर्फ अपने बेटे (जयवर्धन सिंह) को सियासी सिंहासन पर बैठाने के लिए पदयात्रा कर रहे हैं। हाल ही में उज्जैन में महाकाल दर्शन के दौरान की घटना का जिक्र करते हुए विधायक ने कहा कि जब किसी ने उन्हें महाकाल का गमछा पहनाया, तो उन्होंने उस पर आपत्ति जताते हुए उसे वापस कर दिया। शाक्य ने कहा, जब आपको उस गमछे से इतनी ही एलर्जी थी, तो आपको अपनी स्वाभिमान यात्रा जावरा या अजमेर से शुरू करनी चाहिए थी। जब आप महाकाल की नगरी से अपनी यात्रा का श्रीगणेश कर रहे हैं, तो कम से कम महाकाल के दिए हुए प्रसाद और प्रतीक का अपमान तो मत कीजिए। आप सनातनी हैं, हिंदुपथ की संतान हैं, तो कम से कम हिंदुत्व के इन चिह्नों को तो जीवित रहने दीजिए। उन्होंने आगे कहा कि दिग्विजय सिंह सब कुछ अपने बेटे और अपने छोटे भाई के लिए कर रहे हैं। इस उम्र में उन्हें अपने बेटे को उसके अपने बूते पर छोड़ देना चाहिए। जो भविष्य में बनना होगा, वह अपनी मेहनत से बन जाएगा, लेकिन आखिर क्यों वह अभी भी उसे उंगली पकडक़र चलाने की जिद पर अड़े हैं।



कब्रिस्तान और मानस भवन पर खड़े किए सवाल

स्थानीय मुद्दों पर बात करते हुए विधायक ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोन क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि वहां जोगियों की बेशकीमती जमीन पर इन्हीं लोगों के प्रभाव से कब्रिस्तान बना दिया गया। इसके बाद वे किस मुंह से समाज में समानता और सनातन की बात करते हैं? सनातन का ढोंग रचने वालों से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि आरोन का बहुप्रतीक्षित मानस भवन आज तक बनकर तैयार नहीं हो पाया है, आखिर इस बड़ी लापरवाही और देरी के पीछे किसका हाथ है और इसका जिम्मेदार कौन है?

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सबसे बड़ा और राजनीतिक भूचाल लाने वाला बयान तब आया जब विधायक ने अपनी ही सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया। उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा, सरकार तो सरकार की है, सरकार हमारी कहां है! अगर सरकार वाकई हमारी होती, तो हम गुना जिले में कई ऐसे अद्भुत और विकास के ऐतिहासिक काम करा लेते जो अभी तक नहीं हो सके हैं। सरकार तो उन्हीं की है, जिनकी सरकारें हमेशा से बनती चली आ रही हैं। हम तो गलती से जनता के प्रतिनिधि (विधायक) बनकर आ गए हैं।

उनकी निगाह में तो यही खटक रहा है कि यह व्यक्ति आखिर विधायक कैसे बन गया, इसी बात से उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी है। हालांकि, इन सबके बावजूद उन्होंने गुना के विकास का खाका खींचते हुए बताया कि उन्होंने शासन के समक्ष गुना के कई बड़े ड्रीम प्रोजेक्ट्स के प्रस्ताव भेजे हैं। इन प्रमुख मांगों में गुना को नगर निगम का दर्जा दिलाना, जिले में एक नए विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी) की जगह, शहर के बाहर रिंग रोड का निर्माण और गुना में सेल्स टैक्स का संभागीय कार्यालय खुलना शामिल है, जिसके लिए उन्होंने सरकार को आधिकारिक पत्र लिखा है।

भील-बंजारा संघर्ष में घर में घुसकर खूनी खेल

रोटी खाते समय परिवार पर फरसी और धारदार हथियारों से हमला, 7 लोग लहूलुहान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी डांग में दो समुदायों के बीच वर्चस्व और आपसी तनाव ने बुधवार देर शाम खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। गांव में भील और बंजारा समाज के लोगों के बीच हुई हिंसक झड़प के दौरान जमकर धारदार हथियार चले। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि हमलावरों ने घर में घुसकर आराम से खाना खा रहे लोगों पर हमला बोल दिया। इस दुस्साहसिक वारदात में बंजारा समाज के 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में उपचाराधीन घायल धुरवलाल बंजारा ने दर्द से कराहते हुए आपबीती सुनाई। उसने बताया कि बुधवार शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के भीतर बैठकर चैन से रोटी खा रहा था। तभी अचानक गांव के ही सुल्तान, पप्पू, लता और अन्य 10 से 15 लोग हाथ में फरसी, लाठी और धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए। आरोपियों ने अंदर आते ही गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। जब धुवलाल और उसके परिजनों ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने उस पर फरसी से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोरगुल सुनकर उसे बचाने दौड़े माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को भी बख्शा नहीं गया। हमलावरों ने सभी के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे पूरा परिवार खून से लथपथ हो गया।

इस खूनी तांडव में बंजारा परिवार के 7 लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं। अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों में धुवलाल के अलावा बने सिंह, मोहरलाल, बबलू, दुर्गा, लाखन और भंवरलाल शामिल हैं, जिनमें कई महिलाएं और बुजुर्ग भी बताए जा रहे हैं। घायलों का दावा है कि उनका हमलावरों से पहले से कोई सीधा विवाद या रंजिश नहीं थी, इसके बावजूद बिना किसी स्पष्ट कारण के इस जघन्य हमले को अंजाम दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही राघौगढ़ थाना पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने तुरंत सभी घायलों को एंबुलेंस से गुना जिला अस्पताल पहुंचाया। इस बीच, दूसरे पक्ष यानी भील समाज के लोगों ने भी इसे आपसी कहासुनी और सामान्य झगड़ा करार दिया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की लिखित शिकायत ले ली है और घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से काउंटर केस दर्ज कर लिया गया है।

संभागीय स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुना का दबदबा, पुरुष और महिला दोनों वर्गों में शिवपुरी को 3-0 से हराया



गुना। संभागीय स्तरीय पुरुष एवं महिला जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज के श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल मे आयोजित किया गया इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ प्रभात चौधरी एवं सेवानिवृत्ति सहायक ग्रंथपाल हरवीर सिंह रघुवंशी रहे मुख्य अतिथि का माला पनाकर सभी खिलाडियों ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि गुना में तात्या टोपे यूनिवर्सिटी स्थापित होने के बाद संभागीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में गुना अशोकनगर शिवपुरी की टीमे सम्मिलित होगी। पुरुष एवं महिला वर्ग में शिवपुरी और गुना की टीम सम्मिलित हुई। अशोकनगर की टीम दोनों वर्गों में सम्मिलित न होने पर शिवपुरी और गुना के दोनों वर्गों में मैच खेले गए। पहला मैच पुरुष वर्ग में शिवपुरी और गुना के मध्य खेला गया। मैच के शुरुआती क्षणो में ही एक गोलकर बढ़त बना ली। मैच के मध्यांतर से पहले गुना ने पेनाल्टी शूटआउट में एक गोल और एक फील्ड गोल कर गुना ने शिवपुरी को 3-0 से हराकर संभागीय स्तरीय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता। संभागीय स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला मैच शिवपुरी और गुना के मध्य खेला गया। मैच के 10 मिनट बाद है गुना की महिला टीम ने एक गोल की बढ़त बना ली। वहीं मैच खत्म होते-होते गुना ने शिवपुरी को 3-0 से हराकर संभागीय स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता जीती। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता और उपविजेता महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग की टीमो को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजीव कुशवाह, हर्षल मेषराम, आशीष दुबे, मनोज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

जंगल में लावारिस हालत में मिलीं 6 भैंसें

गुना। जिले के ख्यावदा गांव के जंगल में गत रात एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा छह भैंसों को लावारिस हालत में छोडक़र भाग जाने का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में पशु चोरी की आशंका को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण ख्यावदा के जंगलों की तरफ पहुंचे, तो उन्होंने छह भैंसों को अकेले चरते हुए देखा। शुरुआती हैरानी के बाद जब पड़ताल की गई, तो पता चला कि बीती देर रात कोई अज्ञात शख्स इन मवेशियों को यहां छोड़ गया है। ग्रामीणों का अनुमान है कि चोरों ने आसपास के किसी ग्रामीण इलाके से इन भैंसों को चुराया होगा।

बोहरा मस्जिद रोड पर गंदे पानी की आपूर्ति से रहवासियों में फूटा जन आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के वार्ड क्रमांक 16 स्थित बोहरा मस्जिद रोड क्षेत्र में इन दिनों गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए की जा रही अनियोजित और बेतरतीब खुदाई के कारण स्थानीय रहवासियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि पाइपलाइन के कार्य के दौरान कई जगह पानी के मुख्य नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके चलते घरों में गंदा और मटमैला पानी सप्लाई हो रहा है। इस गंभीर लापरवाही के कारण क्षेत्र में अघोषित पेयजल संकट खड़ा हो गया है, जिसे लेकर रहवासियों में प्रशासन के प्रति तीव्र आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में गैस पाइपलाइन डालने के लिए जेबीसी व अन्य मशीनों से बड़े पैमाने पर खुदाई की गई है। इस दौरान जमीन के नीचे बिछी पेयजल की पुरानी पाइपलाइनों का नेटवर्क बुरी तरह उजड़ गया है। कई स्थानों पर नल कनेक्शन टूटने से सडक़ों पर पानी बह रहा है, तो वहीं अधिकांश घरों में नलों से कीचडयुक्त और दूषित पानी आ रहा है। इस दूषित पानी के सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडराने लगा है। हैरानी की बात यह है कि स्थिति के बेकाबू होने के बाद जब स्थानीय लोगों ने नगर पालिका और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से गुहार लगाई, तो विभागीय कर्मचारी और मैदानी अमला भी मौके पर पहुंच गया। हालांकि, लीकेज और टूटे हुए कनेक्शनों का सटीक पता न चल पाने के कारण समस्या का तुरंत समाधान नहीं हो सका है। कर्मचारी भी इस बात से परेशान नजर आए कि जमीन के नीचे कहां-कहां और कौन सा कनेक्शन फूटा है, इसका भूमिगत नेटवर्क स्पष्ट नहीं है।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

शिक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, अन्यथा होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सख्त प्रशासनिक रुख अपनाया है। कलेक्टरेट में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट लहजे में ताकीद की कि बच्चों की पढ़ाई और शालेय व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कर्तव्य में कोताही बरतने वाले शिक्षकों व अधिकारियों के खिलाफ सीधी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौर, डीपीसी प्रेरणा गुप्ता, डाइट प्राचार्य राजेश गोयल सहित जिले भर के बीईओ, बीआरसी एवं जनशिक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविरों के दौरान शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिन विद्यालयों में शैक्षणिक स्तर असंतोषजनक मिलेगा या छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाई जाएगी, वहां के संबंधित शिक्षकों पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए।

कम विजिट पर वेतन कटा जनशिक्षकों को नोटिस

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने यू-डाइस पोर्टल पर नामांकन, अपार आईडी, खाद्यान्न उठाव, साइकिल वितरण और पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की प्रगति जांची। मॉनिटरिंग विजिट की प्रगति में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित क्लस्टर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर का दो दिवस का वेतन काटने के आदेश जारी किए। वहीं, पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों की समग्र आईडी सीडिंग कार्य में ढिलाई बरतने पर संबंधित जनशिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

यूनिफॉर्म और शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जोर

कलेक्टर कन्याल ने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षा पर ही निर्भर है और यही उनकी नींव मजबूत करती है। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चे नियमित रूप से निर्धारित यूनिफॉर्म में ही स्कूल आएं। कम उपस्थिति वाले क्षेत्रों में शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें समझाइश दें और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिए गए।

समाचार संक्षेप

कृषि उपज मंडी आरोन में अव्यवस्थित खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई



आरोन। एसडीएम आरोन मंजुषा खत्री के निर्देशन में तहसीलदार आरोन एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अमित जैन द्वारा कृषि उपज मंडी आरोन में पुलिस बल एवं मंडी कर्मचारियों के साथ नीलामी के लिए खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में रास्ता रोककर आड़े-तिरछे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉलियों तथा अनाधिकृत रूप से खड़े कार, बोलेरो सहित अन्य वाहनों पर कार्रवाई की गई। ऐसे वाहनों को व्यवस्थित कराया गया तथा अनाधिकृत रूप से खड़े कार, बोलेरो आदि वाहनों को मंडी परिसर से बाहर निकलवाया गया। इस दौरान माइक के माध्यम से किसानों एवं वाहन चालकों को सूचित किया गया कि मंडी परिसर में रास्ता रोककर वाहन खड़े न करें। ऐसा करने पर चालानी कार्रवाई सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान कुल 06 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 3000/- रुपये की राशि जमा कराई गई।
कार्रवाई के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आरोन अमित जैन, थाना आरोन के बीट प्रभारी जितेंद्र गुर्जर, रविन्द्र रघुवंशी सहित पुलिस बल, मंडी निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

25 अक्टूबर को आरोन में निकलेगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन

आरोन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आगामी रविवार, 25 अक्टूबर को नगर आरोन में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवकों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे मारुति मानस भवन, सनातन धर्मशाला से होगा। इस दौरान स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित रूप से कदमताल करते हुए नगर में संचलन करेंगे।जिला संघ व्यवस्थापक रघुराज रघुवंशी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पथ संचलन में शामिल होने वाले सभी स्वयंसेवक निर्धारित समय पर पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि जिन स्वयंसेवकों ने अभी तक अपनी गणवेश प्राप्त नहीं की है, वे तहसील के आगे स्थित लोकेश शर्मा से संपर्क कर गणवेश प्राप्त कर सकते हैं, ताकि सभी स्वयंसेवक निर्धारित गणवेश में कार्यक्रम में सहभागिता कर सकें।अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का दिया जाएगा संदेशखण्ड संघ चालक भगवान लाल शर्मा ने बताया कि पथ संचलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संगठनात्मक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश समाज तक पहुंचाया जाएगा। इस तरह के आयोजन स्वयंसेवकों में सामूहिकता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं।स्वयंसेवकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपीलआयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों से निर्धारित समय पर पूर्ण गणवेश में पहुंचकर पथ संचलन में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है। आयोजन को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों से समयपालन और अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया गया है। 25 अक्टूबर को होने वाले इस पथ संचलन के माध्यम से नगर में संगठनात्मक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित किया जाएगा।

राघौगढ़ में 'सबसे बड़ा दाता कौन' विषय पर श्रमण धारा प्रवचन माला

मन, वचन और कर्म से अच्छे कर्म करें, तभी मिलेगा अच्छा फल : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवचन वाचस्पति, ओजस्वी वक्ता, महातपस्वी एवं बुंदेली आशुकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ में जारी श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत गुरुवार को 'सबसे बड़ा दाता कौन' विषय पर मंगल प्रवचन दिए। मुनि श्री ने कहा कि इस संसार में सामान्यतः हम ईश्वर और भगवान को सबसे बड़ा दाता मानते हैं, लेकिन जैन दर्शन के अनुसार हमारे कर्म ही हमारे सबसे बड़े दाता हैं। हमने पूर्व में जैसे कर्म किए हैं, उसी के अनुरूप हमें उनका फल प्राप्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति के अच्छे और बुरे कर्म ही उसके जीवन के सुख-दुःख का आधार बनते हैं।
उन्होंने कहा कि वायु, जल, अग्नि, पृथ्वी और वनस्पति सहित भगवान को भी दाता माना जाता है। जल को जीवनदाता इसलिए कहा जाता है, क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है और कृषि में सिंचाई के लिए भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। वायु से हमें प्राणवायु मिलती है, जो जीवन के संचालन के लिए आवश्यक है। अग्नि और सूर्य की ऊष्मा से जल के वाष्पीकरण तथा बादलों के निर्माण की प्रक्रिया में सहायता मिलती है, जिससे वर्षा होती है। पृथ्वी हमें अन्न एवं अन्य उपज प्रदान करती है, वहीं वनस्पति से हमें भोजन और जीवनोपयोगी सामग्री प्राप्त होती है। इसी प्रकार भगवान को भी दाता माना जाता है, क्योंकि श्रद्धालु उनके प्रति गहरी आस्था रखते हैं। मुनि श्री श्रमण सागर जी महाराज ने आगे कहा कि जैन दर्शन में कर्म का सिद्धांत अत्यंत महत्वपूर्ण है। कर्म अपना हिसाब पूरी ईमानदारी से करते हैं और प्रत्येक जीव को अपने कर्मों के अनुसार फल भोगना पड़ता है। जैन दर्शन के अनुसार भगवान वीतराग अवस्था को प्राप्त कर मोक्ष पद पर विराजमान हैं। वे किसी के साथ भला-बुरा नहीं करते, बल्कि प्रत्येक जीव अपने कर्मों के अनुसार फल प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि भगवान ने कठोर तपस्या, संयम और साधना के माध्यम से मोक्ष प्राप्त किया, इसलिए वे हमारे लिए पूजनीय हैं। उनकी निष्काम भक्ति, उनके आदर्शों का अनुसरण और उनके बताए मार्ग पर चलने से हमारा भी मोक्ष मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

आरोन में 8 युवाओं ने कराया पंजीयन, 5 का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

आजीविका मिशन कार्यालय आरोन में 8 युवाओं ने पंजीयन कराया। इसमें जीडीएक्स सिक्योरिटी ग्रुप नोएडा के भर्ती अधिकारी राजेंद्र सरगरा ने निर्धारित मापदंडों के आधार पर 5 युवाओं का चयन किया। जिला रोजगार कार्यालय एवं मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला गुना के सहयोग से जीडीएक्स ग्रुप ग्रेटर नोएडा द्वारा भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत 250 सुरक्षा जवान एवं 30 सुपरवाइजर की भर्ती के लिए जनपद पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 अक्टूबर को जनपद पंचायत आजीविका भवन राघौगढ़, 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत आजीविका भवन चांचौड़ा, 27 अक्टूबर को जनपद पंचायत आजीविका भवन गुना तथा 28 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय फतेहगढ़ (बमोरी) में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक भर्ती शिविर आयोजित किया जाएगा। इच्छुक युवाओं के लिए योग्यता 10वीं पास, उम्र 18 से 45 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी, वजन 52 से 96 किलो निर्धारित है।

राघोगढ़ में होगा 24 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघोगढ़



अखिल विश्व गायत्री परिवार, युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वंदनीय माताजी एवं अखंड दीप के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राघव जी की नगरी राघोगढ़ में 24 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। गुरुदेव वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पंडित राम शर्मा आचार्य के सूक्ष्म संरक्षण में आयोजित इस महायज्ञ का उद्देश्य सनातन संस्कृति का उत्थान तथा विलुप्त होती संस्कार परंपराओं की पुनर्स्थापना करना है।
इस आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर गायत्री शक्तिपीठ राघोगढ़ में एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में गुना उपजोन प्रभारी मोहन सिंह सिसोदिया ने बताया कि महायज्ञ के माध्यम से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि, परस्पर सद्भावना एवं सामाजिक समरसता की मंगल कामना की जाएगी। साथ ही यज्ञ की पावन अग्नि को साक्षी मानकर पर्यावरण संवर्धन, कुरीति उन्मूलन तथा व्यसनमुक्त राष्ट्र के निर्माण का संकल्प दिलाया जाएगा।
गायत्री शक्तिपीठ राघोगढ़ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुधीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चार दिवसीय आयोजन 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक संपन्न होगा। इसके लिए 25 अक्टूबर को भूमिपूजन के साथ मामाजी के बगीचे में विधिवत रूप से तैयारियां प्रारंभ की जाएंगी।
उन्होंने बताया कि को बावड़ी वाले हनुमान मंदिर (पीपलेश्वर महादेव) से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो मामाजी के बगीचे पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजन के दौरान प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से ध्यान-साधना एवं प्रज्ञा योग, प्रातः 8 बजे से गायत्री यज्ञ तथा शाम 6 बजे से परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रतिपादित सप्त आंदोलन पर प्रवचन आयोजित किए जाएंगे।

बेरखेड़ी लूटकांडः दो महिलाएं सहित पांच पारदी गिरफ्तार, तीन घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेरखेड़ी में हाल ही में हुए सनसनीखेज लूट, फायरिंग और मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने वाले पारदी गिरोह के पांच आरोपियों को धर दबोचा है। खास बात यह है कि पुलिस दबिश और भागने के दौरान हुई घटना में तीन आरोपी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया है।
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रशांत सुमन ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम बेरखेड़ी में बदमाशों ने आतंक मचाया था। बीती रात चोर चोरी की नीयत से एक घर में घुसे थे, जिनकी आहट पाकर परिवार की नींद खुल गई थी। विरोध करने पर बदमाशों ने बेरहमी से फायरिंग कर दी थी, जिसके छर्रे लगने से रंजीत धाकड़ और उनके परिवार के अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया था, जबकि बदमाश घर से करीब 45 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए थे। वारदात के दौरान बदमाशों ने घर की एक बच्ची की कनपटी पर पिस्तौल अड़ाकर धमकाया भी था।
ग्रामीणों की घेराबंदी और पुलिस की दबिशः घटना के बाद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए बदमाशों को घेर लिया था और उनसे दो बंदूकें भी छीन ली थीं। इस बड़ी वारदात के खुलासे के लिए एसपी हितिका वासल के निर्देशन में एएसपी प्रशांत सिंह सुमन के नेतृत्व में कैंट, म्याना, फतेहगढ़ और सिरसी थानों की संयुक्त टीमों का गठन किया गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। पुलिस कार्रवाई के दौरान भागने की कोशिश में कुछ ऐसा घटनाक्रम हुआ कि तीन आरोपियों को चोटें आईं, जिन्हें तुरंत हिरासत में लेकर अस्पताल के कैदी वार्ड में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।
पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पारदी गिरोह के सदस्यों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। जिसमें प्रियंका पत्नी टॉवर पारदी, टीनू पत्नी टोमी पारदी, जॉनी पुत्र कमरया पारदी, रामदास पुत्र खंभाराम पारदी एवं गिर्राज पुत्र शेरू पारदी शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया है कि इनमें से एक आरोपी किसी अन्य गंभीर आपराधिक घटना में भी शामिल रहा है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से लूटी गई रकम और अन्य साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है।



कलेक्टर ने किया चंदेरी सिविल अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरुवार को सिविल अस्पताल चंदेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में ओपीडी के खुलने एवं बंद होने के समय की जानकारी आमजन को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित स्थान पर सूचना बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए, जिससे अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को ओपीडी के समय की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने की निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीष धनगर, बीएमओ प्रशांत दुबे साथ थे।

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन का जिला अशोकनगर से स्थानांतरण जिला राजगढ़ होने जाने से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य अपने वर्तमान कार्य के साथ किया गया है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जारी आदेशानुसार संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोसकर प्रभारी अधिकारी, शिकायत शाखा (शिकायत, लोकायुक्त एवं आर्थिक अपराध अन्वेषण तथा समस्त आयोगों से संबंधित कार्यों की समीक्षा तथा प्रभारी अधिकारी अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक आयोग, मानव अधिकार आयोग एवं बाल संरक्षण आयोग, महिला आयोग एवं विभिन्न आयोग) प्रभारी अधिकारी धर्मस्व माफी एवं औकाफ व जागीर तथा वक्फ संपत्ति।
संयुक्त कलेक्टर विकास कुमार आनंद, प्रभारी अधिकारी, सिविल सूट शाखा (उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय तथा अन्य न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों के नोडल अधिकारी)।
प्रभारी अधिकारी, एस.डब्ल्यू. शाखा। प्रभारी अधिकारी, टी.एल. शाखा तथा समय-सीमा के प्रकरणों की मॉनिटरिंग, शासन एवं वरिष्ठों से प्राप्त पत्रों/निर्देशों, आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा)। डिप्टी कलेक्टर भुवनेश चैहान, (परिवीक्षाधीन), मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के नोडल अधिकारी रहेंगे। आर.बी. सिण्डोसकर, संयुक्त कलेक्टर व विकास कुमार आनंद, संयुक्त कलेक्टर के अवकाश एवं मुख्यालय से बाहर होने पर आपस में परस्पर लिंक अधिकारी रहेंगे।

नाबालिग बालिका से लैंगिक अपराध एवं मारपीट के प्रकरण में आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

अशोकनगर। नाबालिग पीड़िता द्वारा थाना पिपरई में अपने साथ लैंगिक अपराध एवं मारपीट की शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत पर धारा 354, 323 भादवि एवं धारा 7/8 पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई । विवेचना के दौरान पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण, न्यायालयीन कथन, घटनास्थल का निरीक्षण एवं नक्शा, आयु संबंधी शैक्षणिक अभिलेख सहित आवश्यक साक्ष्यों का संकलन कर प्रकरण में अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए आरोपी उत्तम केवट को धारा 354 भादवि, धारा 323 भादवि तथा धारा 7 सहपठित धारा 8 पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत दोषसिद्ध किया गया । जिसके तहत आरोपी को धारा 354 भादवि एवं धारा 7/8 पॉक्सो अधिनियम के तहत 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000-2,000 अर्थदण्ड, तथा धारा 323 भादवि के तहत 03 माह का सश्रम कारावास एवं 1,000 अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। न्यायालय द्वारा सभी सजाएं एक साथ भुगताए जाने के आदेश दिए गए हैं । साथ ही, अर्थदण्ड की राशि में से 3,000 पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

गौसेवा की एक जीवन्त कार्यप्रणाली है दयोदय गौशाला : मुनि निरंजन सागर

अशोकनगर। मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मूकप्राणी और उनकी पीड़ा/इससे आपका परिचय हो या न हो, कोई बात नहीं। पर अगर आप मूक अवस्था को प्राप्त हो और असहाय हों, ऐसे समय आपको अगर असहनीय वेदना सता रही हो, तो उसका परिचय तो आपको होगा न। ऐसी ही करुणा से भरे व्यक्तित्व परम गौ हित चिन्तक सन्त शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज, जिन्होंने मूकप्राणियों के लिये समाज से आह्वान किया। तब जनता ने बिना विचार किये गुरुदेव के कहे अनुसार सारा का सारा प्रबन्धन गौ सेवा का प्रारम्भ कर दिया और इस कार्य को गुरुदेव ने नाम दिया है दयोदय।



उन्होंने कहा कि एक निरिह वृत्ति वाले साधक के मुख से निकला शब्द आज गौसेवा का प्रमुख केन्द्र बनकर पूरे भारत वर्ष में गौसेवा का पर्याय बन चुका है। संरक्षण, सेवा और संवर्धन ही इस संस्था का मुख्य ध्येय बन कर सदा ही रहा है। इस गौशाला की पवित्रता से प्रभावित होकर स्वयं आचार्य महाराज ने कई दीक्षा इस गौशालाओं में ही सम्पन्न की है। हमारी स्वयं की दीक्षा भी गुरुदेव के कर कमलों से ललितपुर में स्थित गौशाला में ही हुई थी। आज सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि गौ जिसे माता कहते हैं, वह सड़कों पर जब विचरण करती है, तो प्रशासन और पत्र-पत्रिकाओं में खबर आती है। इस खबर में आवारा शब्द का प्रयोग किया जाता है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने कई बार यह कहा है गौ को माँ कहने वालों, अपनी माँ को आवारा मत कहो। वह गौमाता बेसहारा हैं, उसे सहारे की आवश्यकता है। सेवा भारतीय सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसमें गौसेवा तो साक्षात करुणा है। आज दयोदय महासंघ और उससे सम्बन्धित जितनी भी गौशालायें हैं, सभी की सभी गौहित का संरक्षण, संवर्धन, सेवा में गुरुदेव के मन्तव्य को पूरा करती हुई, एक नया इतिहास लिख रही हैं।

विभागों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

विभिन्न विषयों से संबंधित तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देशों के परिपालन में निर्धारित विषयों से संबंधित सभी तैयारियां विभागीय अधिकारी समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला अधिकारियों की बैठक में दिए।
बैठक में अल्प वर्षा की स्थिति वाले जिलों में वर्षा की कमी एवं उससे उत्पन्न परिस्थितियों पर चर्चा,त्योहारों एवं मेलों के दौरान कानून व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु जांच एवं प्रभावी कार्रवाई,मौसम परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा। वर्षा के पश्चात निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा लंबित निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के संबंध में चर्चा की गई। 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा, 01 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के आयोजन की तैयारियों एवं कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा,गोवर्धन पूजा के कार्यक्रमों के आयोजन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा, पराली जलाने की स्थिति की समीक्षा एवं रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा।खाद्यान्न की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा,निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।
कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करें। किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा खाद्यान्न वितरण व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। अल्प वर्षा की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पराली जलाने से होने वाले नुकसान के संबंध में किसानों को जागरूक करने तथा पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।
उन्होंने 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं एक नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के आयोजन की तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया। दीपावली के मद्देनजर पटाखों की सघन जांच करने तथा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों के आयोजन एवं उनमें प्राप्त होने वाली समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला विकास पुस्तिका की जानकारी अद्यतन किए जाने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए गए।

रजवाड़ी रास गरबा महोत्सव में पंजाबी महिला समिति सदस्यों ने पुरस्कार अर्जित किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रजवाड़ी रास गरबा महोत्सव में पंजाबी महिला समिति की सदस्यों द्वारा गरबा नृत्य करके तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें पुरस्कार के रूप में 3100 नगद एवं शील्ड प्राप्त हुई। इस प्रकार का आयोजन नवदुर्गा के त्यौहार मे गरबा करके हमारी नौ देवी की शक्तियों का रूप नृत्य के रूप में प्रस्तुत करके परस्पर प्रेम एवं धार्मिक आस्था को प्रदर्शित किया जाता है इसमें सभी मेंबर्स द्वारा पूरे जोश एवं उमंग के साथ गरबा किया इस मोके पर अध्यक्ष मीता सदाना सचिव रोशनी गेरा, सोनिया छाबरा, सुषमा छाबरा,प्रियंका अरोरा.ऋचा सदाना. रिंकी सलूजा, अन्नू छाबडा, सीमा बत्रा.भारती भसीन, प्रिया खुराना, वैशाली सलूजा.प्रीती खुराना. अरुणा अरोरा एवं रजनी सेठी आदि मेंबर्स उपस्थित रही।

।। आम सूचना ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति भवन क्र. 26 स्थित गुना, वार्ड न. 10, लक्ष्मीगंज गुना तहसील व जिला गुना में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट यानि 139.35 वर्गमीटर है तथा जिसका नया भवन क्रमांक 17072 है तथा नगरपालिका संपत्ति आई.डी. 1003168731 है। जिसकी चतुर्सीमा इस प्रकार है कि पूर्व में गली नगरपालिका, पश्चिम में गली नगरपालिका, उत्तर में टीन शेड एवं भूमि महात्मा आनंदपुर वालों की, दक्षिण में रोड नगरपालिका है। जिसे सर्वप्रथम झब्बूलाल आत्मज श्री मदनमोहन अग्रवाल तथा वासुदेव प्रसाद आत्मज श्री झब्बूलाल अग्रवाल जी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 1150 ग्रन्थ क्र. 530 दिनांक 14.08.1968 से क्रय किया था। झब्बूलाल आत्मज श्री मदनमोहन अग्रवाल जी के फौत हो जाने के पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति भवन में झब्बूलाल आत्मज श्री मदनमोहन अग्रवाल जी के हिस्से पर नगरपालिका परिषद के राजस्व अभिलेखों में उनके वैध वारिसान वासुदेव प्रसाद आत्मज श्री झब्बूलाल अग्रवाल जी के हित में नामांतरण स्वीकार हो गया, जिसके सम्बन्ध में नगरपालिका परिषद गुना द्वारा वासुदेव प्रसाद आत्मज श्री झब्बूलाल अग्रवाल जी के हित में एक नामांतरण स्वीकृति का प्रमाण पत्र क्र. 599 दिनांक 24.02.2018 है। उक्त संपत्ति में किसी भी अन्य, व्यक्ति, फर्म, संस्था इत्यादि का कोई हित नहीं है तथा यह पूर्व संपत्ति किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा शासन के पास गिरवी/बंधक नहीं रखी है। यदि अन्य किसी भी व्यक्ति का अथवा संस्था का या शासन का किसी भी प्रकार से कोई हित या ऋण हो तो उक्त प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय पर प्रस्तुत कर देवें अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार बैंक आईसीआईसीआई द्वारा बंधक कर लिया जावेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर उक्त संस्था बैंक आईसीआईसीआई का प्रथम प्रभार रहेगा तथा इस सूचना पत्र में दी गई म्याद उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

द्वारा विनोद शर्मा एडवोकेट
पता- कृष्णपुरम कॉलोनी शिवपुरी मध्य प्रदेश
मो. 7746050017

खबर संक्षेप



चंदेरी के क्राफ्ट विलेज प्राणपुर का भ्रमण किया

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में क्राफ्ट विलेज प्राणपुर में निर्मित परिसम्पत्तियों के रखरखाव हेतु गठित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान में सम्पत्ती की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त कर क्राफ्ट विलेज प्राणपुर में निर्मित सम्पत्तियों का निरीक्षण, अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, एसडीएम मनीष धनगर, तहसीलदार दिलीप दरोगा एवं संबंधित अधिकारी साथ थे।

अभा श्रमण संस्कृति महासमिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

अशोकनगर। अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महासमिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदा सोनी मध्यांचल की अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य ममता भारत, बीना से आई सुनीता सराफ द्वारा निर्मला घाट बमुरिया, संरक्षक रानी पिरोठ, डिम्पल जैन मंत्री, उपाध्यक्ष संगीता पारस, कोषाध्यक्ष अर्चना पांडे, उप मंत्री डिंपल मुंशी एवं सभी सदस्यों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन आज

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों का आयोजन प्रति शुक्रवार को किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत कोहरवास में किया गया है। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय तथा जिला अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं को सुनकर मौके पर निराकरण किया जाएगा। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

तार की फेंसिंग में करंट छोड़ने से दो भैंसों की मौत

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी छोटू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इन्द्रजीत यादव ने तार फेंसिग कर धान की फसल को लेकर तारफेसिंग में करंट छोड़ दिया था जिसके कारण फरियादी की दो भैंसो की करंट लगने से मौत हो गई। जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

जहर खाने से युवक की मौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम कोलुआ निवासी राजाराम पुत्र रामप्रसाद आदिवासी उम्र 33 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

अशोकनगर स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अधिकारियों को ट्रेनें बंद करने, नई ट्रेनें चलाई जाने व स्टेशन पर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर स्टेशन पर रेल जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां रेल यात्रियों ने भोपाल रेल मंडल से आए सीनियर डीएमई आरपी खरे को रेल सुविधाओं की कमी के साथ-साथ प्लेटफार्म पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने व घटिया निर्माण होने के संबंध में भी अवगत कराया। इस मौके पर स्टेशन मैनेजर के एल मीणा भी उपस्थित थे। इस मौके पर महिला और पुरुष रेल यात्रियों के साथ-साथ शहर के जनप्रतिनिधियों ने भी उनसे चर्चा की और कहा कि यह संवाद संवाद न रहे इस संवाद के माध्यम से जो सुझाव लिए गए हैं उन सुझावों पर कार्य हो। क्योंकि अशोकनगर जिला जिले भर का महत्वपूर्ण स्टेशन है यह व्यापारिक महानगर है साथ में अशोकनगर जिला इतिहास और पर्यटन की दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। तथा धार्मिक स्थल अशोकनगर के परिदृश्य को बड़े पैमाने पर रेखांकित करते हैं। इन स्थानों पर दर्शनों के लिए प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, उन सब श्रद्धालुओं को और नियमित जिले भर से व्यापार और अन्य सामग्री का क्रय विक्रय करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस कारण अशोकनगर स्टेशन का महत्व बहुत बड़ा है और यहां रेल यातायात का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि यहां की जनता और नागरिक यात्री ट्रेनों से यात्रा करना पसंद करते हैं लेकिन यात्रा करने के लिए ट्रेनों की कमी उन्हें समस्याएं पैदा कर रही है और बार-बार मांग करती आ रही है कि अशोकनगर जिले के साथ-साथ मध्यप्रदेश के महानगरों के लिए और देश के महानगरों के लिए भी यात्री ट्रेनों की सुविधा यहां उपलब्ध कराई जाए।





सुझावों में कई ट्रेनों की मांग की गई

यात्री ट्रेनों की मांग में उन्हें बताया गया कि उज्जैन देहरादून एवं जबलपुर इंदौर तथा कोटा जबलपुर ट्रेनों को रेल विभाग द्वारा बिना किसी कारण के बंद कर दिया गया है। उज्जैन देहरादून ट्रेन को पूर्व रेल मंत्री माधवराव सिंधिया द्वारा ग्वालियर को उज्जैन से जोड़ने के लिए चलाया गया था, बाद में इस ट्रेन को दिल्ली तक बढ़ाने के बाद देहरादून तक विस्तार किया गया। यह ट्रेन उज्जैन से गुना अशोकनगर बीना के रास्ते झांसी ग्वालियर होते हुए दिल्ली जा रही थी, लेकिन बीच में रेल विभाग में बिना किसी मांग के बाद इस ट्रेन को गुना से गुना से बिना के रास्ते न चलते हुए इसे शिवपुरी ग्वालियर के रास्ते चलाया जा रहा है। जबकि उक्त रेल खंड पर पहले से ही इंदौर देहरादून ट्रेन है इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन करने की वजह यह बताई जा रही है कि अशोकनगर जिले की उपेक्षा कर शिवपुरी जिले की जनता को लाभ पहुंचाया जा रहा है।



कोटा जबलपुर ट्रेन को पूर्व की तरह चलाया जाए

इसी प्रकार कोरोना कल में कोटा जबलपुर ट्रेन को बंद कर दिया गया था। इस ट्रेन को रेल अधिकारी चलाना चाहते हैं लेकिन आज तक ट्रेन को नहीं चलाया गया है। जब ट्रेन कोरोना कल में चल रही थी से पहले चल रही थी तब ट्रेन को अभी बंद क्यों किया गया। इसके अलावा ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार कर इस ट्रेन को दिल्ली तक बढ़ाई जाने की मांग की गई तथा नियमित ट्रेन के रूप में चलाई जाने की मांग की गई है। क्योंकि यह ट्रेन ग्वालियर तक तो जाती ही है इसे सिर्फ दिल्ली तक बढ़ाया जाना है। इसी प्रकार कोटा हिसार ट्रेन को बिना तक बनाए जाने की मांग भी की गई इसके अलावा अन्य ट्रेनों की मांग भी उनके समक्ष रखी गई।

अशोकनगर स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 4 का निर्माण हो

इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर चार का निर्माण करना वहां पर रेल सुविधाएं बढ़ाने की दृष्टि से टिकट विंडो का इस्तेमाल किया जाना बीटीएम मशीन लगाई जाए। तथा अशोकनगर स्टेशन पर मवेशियों का प्लेटफार्म पर खुलेआम आ जाना इन सब पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। जो प्लेटफार्म पर कुछ नई स्टील की बेंच आई थी वह कुर्सियां घटिया क्वालिटी की होने के कारण टूट गई है उनके स्थान पर नई कुर्सियां लगाई जाएं तथा बिजली जाने के दौरान कोच डिस्प्ले बंद हो जाता है इस मेल लाइन से जोड़ा जाए इस तरह की कई मांगों से लिया कुछ कराया गया।

इंदौर-जबलपुर ट्रेन को महिलाओं की मांग पर चलाया था इसके बाद भी बंद कर दिया

इसके अलावा इंदौर जबलपुर ट्रेन जिसे स्वयं वर्तमान केंद्रीय मंत्री ज्योति सिंधिया द्वारा यहां की महिलाओं की मांग पर चलवाया गया था इसके बावजूद भी इस ट्रेन को रेल विभाग ने बंद कर दिया है। नारी शक्ति की बात करने वाले जनप्रतिनिधि नारियों की मांग को भूल गए हैं। जिस दिन से यह ट्रेन चली है उसे दिन से जनता लगातार यह मांग कर रही थी कि जनता की मांग के अनुसार इस ट्रेन का समय परिवर्तन कर चलाया जाए किंतु ऐसा नहीं किया गया यह ट्रेन दिन में चलती थी और आधी रात में इंदौर पहुंचती थी जिससे यात्रियों ने ट्रेन से दूरी बना ली थी। यात्रियों की मांग थी कि इस ट्रेन को शाम 6 बजे जबलपुर से और शाम 6 बजे इंदौर से चलाया जाए लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जिसके कारण रेलवे ने इस ट्रेन को बंद कर दिया। जनता ने इंदौर की सुविधा छीन लिए जाने के कारण आज जब रेल यात्री संवाद का कार्यक्रम हुआ तब अधिकांश यात्रियों ने सिर्फ एक ही मांग की की इंदौर के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध कराई जाए। एक सुझाव यह भी दिया गया कि महू अंबेडकर नगर से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन का मार्ग परिवर्तन कर उसे अशोकनगर गुना बिना के रास्ते चलाया जाए।

अशोकनगर स्टेशन पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

अशोकनगर स्टेशन पर रेल सुविधा उपलब्ध कराए जाने के मामले में उन्हें बताया गया कि यहां होने वाले निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते हैं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं पूर्व में निर्माण कार्य 12 करोड़ रुपए के हुए थे उनका आज तक पता नहीं है कि वह पैसे कहां खर्च हुए। इसके अलावा मांग की गई की अशोकनगर स्टेशन के प्लेटफार्म सभी पर महिला सुलभ शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अशोकनगर स्टेशन पर जो नया प्लेटफार्म पुल बन रहा ह, इस पर एक्सीलेटर सीडी लगाई जाए जो लिफ्ट लगाई गई हैं। वह लिफ्ट बंद पड़ी रहती है वह लिफ्ट को पूरे दिन चालू करके रखा जाए अशोकनगर स्टेशन पर पूरे जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का विवरण की जानकारी लगाई जाए ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इनका कहना है...

भारत सरकार के रेल मंत्रालय की पहल पर रेल यूजर्स के लिए यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है ताकि उनकी समस्याओं, विकास कार्यों, आदि की जानकारी के आधार पर उनकों सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। 22 अक्टूबर को पूरे देश भर में यात्रियों से फीडबैक लिया गया है। इसे तीन भागों में बांट कर उनकी समस्याओं का बेहतर रूप से निराकरण किया जाएगा। यहां से दिल्ली, इन्दौर ट्रेनों की मांग के साथ साथ, उज्जैनी एक्सप्रेस, कोटा जबलपुर आदि ट्रेनों की मांग की गई। स्टेशन पर सुविधाओं को लेकर भी सुझाव मिले हैं।

सीनियर डीएमई. आरपी खरे, भोपाल रेल मंडल

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोकनगर निवासी राहुल पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पूजा, रूपेश और श्रीराम शर्मा ने उससे मारपीट की। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरियाखेडी निवासी जयपाल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बृजेश और संजू आदिवासी ने उससे मारपीट की। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बगुल्या निवासी रामकृष्ण रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भानु और किरण कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फरदाई निवासी विजय रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वीरेन्द्र रघुवंशी ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहाबाद निवासी परमाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि संजूराजा, अंकुर दुबे, अमन खान, आसु खान उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नानौन निवासी कलियाबाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोलू और शांतिबाई बंजारा ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी प्रकाश बरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामचरण, रामसेवक और कमला बाई बरार ने उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रामसेवक बरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रकाश अभिषेक, मीराबाई बरार और दीपक बरार ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीटोर निवासी चंदा गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अरबिंद और बिंन्ना गुर्जर ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी सतपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजपाल, वीकेश,जयपाल और नीलेश यादव ने उससे मारपीट की। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीसोर निवासी मनोज बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि श्याम, आकाश कलेक्टर और नन्हे सपेरा ने उससे मारपीट की। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंगासरा निवासी अभिषेक रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोनू और गीता बाई साहू ने उसकी दीवाल तोड़ दी व उससे मारपीट की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र अंतर्गत गुल्हेरू बामोरी निवासी सुरनायक यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जयसिंह, दिनेश और रमेश लोधी ने उससे मारपीट की।

कार्बाइड गन व कार्बाइड लैम्प के दुष्प्रभावों के संबंध में एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आमजन की सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प के दुष्प्रभावों के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प का उपयोग गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। इनके कारण तेज धमाके से जान-माल की हानि, आग लगने, गंभीर रूप से जलने तथा शरीर के विभिन्न अंगों में स्थायी चोट पहुंचने का खतरा रहता है। तेज आवाज से सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है तथा इनके धुएं एवं गैसों से श्वसन संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। इनका उपयोग आमजन, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

अशोकनगर पुलिस द्वारा सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों से अपील की जाती है कि वह कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प की बिक्री, भंडारण एवं वितरण से दूर रहें तथा किसी भी ऐसी गतिविधि में संलिप्त न हों, जो कानून का उल्लंघन करती हो। कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प का उपयोग मनोरंजन अथवा अन्य किसी उद्देश्य से न करें। अभिभावक भी बच्चों को इनके खतरों के प्रति जागरूक करें और इन्हें उपयोग करने से रोकें।

कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैम्प का अवैध निर्माण, बिक्री, भंडारण, उपयोग अथवा परिवहन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं व्यवसायियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अशोकनगर पुलिस द्वारा ऐसी गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। आमजन से अपील है कि इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने आमजन एवं व्यापारियों से अपील की है कि जनसुरक्षा को प्राथमिकता दें, कानून का पालन करें तथा किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल न हों, जिससे दुर्घटना अथवा जनहानि की आशंका उत्पन्न हो। सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

चंदेरी डव्लपमेंट सोसायटी फॉर हैंडलूम वीवर्स समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में हैण्डलूम पार्क चंदेरी में गुरूवार को चंदेरी डव्लपमेंट सोसायटी फॉर हैण्डलूम वीवर्स समिति (एसपीव्ही) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीए की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने फैशन शो के संबंध में निर्देशित किया गया कि फैशन-शो के आयोजन में स्थानीय स्तर की महिलाओ को सम्मिलित करते हुये फैशन शो का आयोजन कराया जाए। हैण्डलूम पार्क में बनने वाले हाथकरघा म्यूजियम के संबंध में निर्देशित किया गया कि एनआईसी जिला अशोकनगर के सहयोग से



ई-टेण्डर की कार्यवाही कर म्यूजियम निर्माण कराया जाए। हैण्डलूम पार्क के प्रचार प्रसार के संबंध में निर्देशित किया गया कि शहर के मुख्य मार्गो पर होडिंग एवं साईन बोर्ड लगाये जाए। हैण्डलूम पार्क की एक वेवसाईट बनाई जाये। वेवसाईट बनाने हेतु एनआईसी जिला अशोकनगर के अधिकारियो को निर्देशित किया गया। वेवसाईट के माध्यम से हैण्डलूम पार्क में बनने वाली साडियो को डिसप्ले किया जाये एवं वेवसाईट के माध्यम से ही सेलिंग आर्डर प्राप्त किये जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि चन्देरी के समस्त बुनकरो को जी.आई टैग के अधिकृत उपयोगकर्ता के रूप में पंजीयन कराया जाए। साथ ही क्यूआर कोड की प्रकिया के माध्यम से प्रत्येक साडी निर्माणकर्ता हेतु क्यू आर कोड जारी करने हेतु एनआईसी अशोकनगर को निर्देशित किया गया। जिससे कि चन्देरी साडी के प्रमाणिकता सिद्ध करने में आसानी होगी। हैण्डलूम पार्क में पृथक सेलिंग विंग बनाई जाए, जो कि हैण्डलूम पार्क के बुनकरों को मार्केटिंग में सहायता प्रदान करे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी मनीष धनगर,सहायक संचालक हाथकरघा कीर्ति कटियार, तहसीलदार चंदेरी,चन्देरी बुनकर/मास्टर बुनकर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

जुआ खेलते 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 7,500 रुपए नकद व ताश के पत्ते जब्त किए



अशोकनगर। थाना मुंगावली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7,500 नगद एवं 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी जप्त की गई है एवं जुआ संचालित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध संगठित अपराध की धाराओं में प्रकरण पंजीवद्ध किया गया है। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुंगावली क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी मुंगावली उनि. अरविन्द सिंह कछुवाह द्वारा पुलिस टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम ने ग्राम नानौटी में हनुमान जी मंदिर के पास नाले के समीप दबिश देकर जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष पुत्र शेरशाह कुर्मी, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड वीर सावरकर, बीना, जिला सागरय दिलीप पुत्र रामचरण खटीक, उम्र 48 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 01, थाना कुरवाई, जिला विदिशा, झुंडा पुत्र डमरू अहिरवार, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम रुसल्ली घाट, थाना दीपनाखेड़ा, जिला विदिशा तथा गोलू पुत्र रामबिहारी दांगी,उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम इकौदिया, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक 52 पत्तों की ताश की गड्डी एवं कुल 7,500 नगद पंचों के समक्ष विधिवत जप्त किए गए। आरोपियों के विरुद्ध थाना मुंगावली में अपराध क्रमांक 462/26, धारा 13 जुआ एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। मौके से कुछ व्यक्ति भागने में सफल रहे, जिनकी तलाश की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से जानकारी प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति फोन के माध्यम से लोगों को जुआ खेलने के लिए बुलाते हैं तथा संगठित रूप से जुआ संचालित करते हैं। ऐसे व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नंबर प्राप्त होने पर उनके संबंध में जांच की जा रही है।

शक्ति संचय अभियान अंतर्गत प्रस्फुटन क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जन अभियान परिषद शासन व समाज के बीच निभा रही भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

सेक्टर क्रमांक-3 ढाकोनी के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नैथाई, शिमला पहाड़ी एवं श्री आनंदपुर में नवांकुर योजना के तहत प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत प्रस्फुटन क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से की गई। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों एवं समिति सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया और प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ हुआ।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में प्रशिक्षक एवं पूर्व मेंटरअमित शर्मा ने मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के परिचय, उद्देश्य एवं लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जन अभियान परिषद शासन और समाज के बीच समन्वय स्थापित करते हुए जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन के लिए



महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी संदेशों को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अमित गोस्वामी ने प्रस्फुटन समितियों के स्वयंसेवी संगठन के रूप में उन्नयन विषय पर जानकारी दी। उन्होंने समिति सदस्यों को संगठित होकर स्थानीय समस्याओं की पहचान करने तथा उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया।

संवाद कौशल को बताया सामाजिक कार्य की महत्वपूर्ण कड़ी

प्रशिक्षण के तृतीय सत्र में ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक ने संवाद कौशल की आवश्यकता एवं उसकी तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों में प्रभावी संवाद बेहद महत्वपूर्ण है। समिति के सदस्य ग्रामीणों से बेहतर संवाद स्थापित कर योजनाओं की जानकारी, सामाजिक जागरूकता एवं जनहित के संदेश प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

दस्तावेजीकरण पर विशेष प्रशिक्षण

चतुर्थ सत्र में मेंटर आस्था रघुवंशी ने समिति के कार्यों में दस्तावेजीकरण की उपयोगिता बताते हुए विभिन्न अभिलेखों के संधारण की जानकारी दी। उन्होंने बैठक रजिस्टर, गतिविधि रजिस्टर, सदस्यता रजिस्टर, ग्राम सर्वे रजिस्टर, आवक-जावक रजिस्टर, फोटो फाइल एवं पेपर न्यूज फाइल सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संधारित करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि किसी भी सामाजिक संस्था की गतिविधियों को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण है। इससे संस्था द्वारा किए गए कार्यों का रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है और भविष्य की गतिविधियों की बेहतर योजना बनाने में भी सहायता मिलती है। समितियों से लिया फीडबैक, नशामुक्ति और स्वच्छता की दिलाई शपथ। सभी उपस्थित सदस्यों को संस्था द्वारा पेन डायरी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक द्वारा विभिन्न प्रस्फुटन समितियों से उनके कार्यों एवं गतिविधियों को लेकर फीडबैक लिया गया। समिति सदस्यों ने अपने क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं सामने आ रही चुनौतियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों को नशामुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

शिकायतों के निराकरण में अशोकनगर पुलिस प्रदेश में 2 माह से प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला पुलिस के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की प्राथमिकता से सुनवाई की गई। प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। इस सतत एवं प्रभावी प्रयास का परिणाम यह रहा कि माह सितंबर 2026 की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 96.67 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो कि जिला पुलिस की कार्यकुशलता, जवाबदेही एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि माह अगस्त की सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 97.57 प्रतिशत स्कोर एवं माह सितम्बर में 96.67 प्रतिशत स्कोर प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल



किया है इस प्रकार जिला अशोकनगर विगत 02 माह से प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। पूर्व में भी जिला अशोकनगर लगातार तीन माह तक पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा इस उपलब्धि के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए निर्देशित किया है कि भविष्य में भी इसी समर्पण, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

गांव स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक गठित की जा रही ओबीसी महासभा की कार्यकारिणी

ओबीसी के 27 फीसदी आरक्षण पर रोक के विरोध में ओबीसी महासभा देशभर में आंदोलन करेगी



प्रदेश में ओबीसी जनसंख्या की 63 प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद भी 13 प्रतिशत आरक्षण पर लगा रखी रोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश सहित देशभर में ओबीसी जाति के साथ सरकार द्वारा किए जा रहे भेदभाव को लेकर अब ओबीसी महासभा का विरोध सातवे आसमान पर है। महासभा के पदाधिकारी अब जमीनी स्तर पर लग कर प्रदेष स्तर पर बढ़ा आंदोलन करने की तैयारियों में है। इसी की तैयारी को लेकर गुरूवार को ब्यावरा के सुठालिया रोड स्थित यादव समाज धर्मषाला में ओबीसी महासभा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों ने शामिल होकर सरकार के खिलाफ आरक्षण लेने के लिए रणनीति तैयार की।

बैठक में जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगाने विरोध में और जातिगत जनगणना करने ओबीसी को जनसंख्या के माननुसार राजनैतिक एवं प्रषासनिक पदों का आरक्षण प्रदान करने एवं ओबीसी के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों का सम्मान करने के प्रस्ताव पारित किए गए। सभा में विभिन्न वक्ताओं द्वारा पंचायत एवं वार्ड स्तर से लेकर जिला स्तर तक की कार्यकारिणी का गठन करने तथा उक्त सभी प्रस्ताव को ग्राम पंचायत में होने वाली आमसभा में पारित करवाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने ओबीसी आरक्षण समाप्त करने के विरोध में व्यापज जन आंदोलन खड़ा करने तथा अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रदेष एवं देष स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय लिया हैं। इस अवसर पर ओबीसी महासभा राष्ट्रीय महासचिव डॉ. ब्रजेन्द्रसिंह यादव, प्रदेष संयोजक प्रकाशसिंह धाकड़, किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरसिंह धाकड़, वरिष्ठ समाजसेवी यषपाल सिंह रावत, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, यादव धर्मषाला उज्जैन एवं अखिल भारतीय यादव महसभा अहीर प्रदेषाध्यक्ष रामगोपाल यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेषचंद यादव, यादव धर्मषाला उज्जैन एवं यादव समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव, ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष राधेष्याम यादव सीलखेड़ा, ओबीसी प्रदेश संयोजक बद्रीलाल यादव करनवास, वरिष्ट समाजसेवी रमेषचंद्र यादव भाटखेड़ी, सरपंच रमेषचंद्र यादव तलावली, रमेषचंद्र यादव निवानिया, नारायणसिंह यादव तुमड़िया, मोहनलाल गौड़ आगर, घीसालाल राठौर बोड़ा, देवीसिंह चैहान बामलाबे, ओम प्रकाष यादव मोया, महेन्द्र यादव मोया, लाखनसिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार सत्यनारायण यादव निवानिया ने किया।

कृषि योजनाओं की समीक्षा की

यूरिया वितरण, प्राकृतिक खेती सिंचाई रकबा वृद्धि पर निर्देश दिए



फसल बीमा के लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, उर्वरक वितरण, प्राकृतिक खेती, सिंचाई के रकबे में वृद्धि, फसल बीमा के लंबित प्रकरणों तथा आगामी रबी सीजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

यूरिया वितरण एवं उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिक मात्रा में यूरिया प्राप्त करने वाले किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, रबी सीजन 2025-26 एवं 2026-27 के उर्वरक विक्रय का विश्लेषण करने तथा डबल लॉक केंद्रों पर दो कर्मचारियों और एक पटवारी की 15 दिवस की अवधि के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि उर्वरक वितरण व्यवस्था की प्रभावी निगरानी की जा सके।

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने पर जोर

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) के अंतर्गत जिन बीआरसी केंद्रों का संचालन अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उनकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप बीआरसी केंद्रों के माध्यम से सामग्री क्रय सुनिश्चित कराने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों को प्रोत्साहित करने, अधिक से अधिक किसानों तक प्राकृतिक खेती की जानकारी पहुंचाने तथा इसके लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के संबंध में किसानों को जागरूक करने पर जोर दिया। इस उद्देश्य से विस्तार अधिकारियों को नियमित क्षेत्रीय भ्रमण कर किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

सिंचाई एवं सरसों के रकबे में वृद्धि के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उद्यानिकी विभाग के समन्वय से सूक्ष्म सिंचाई के रकबे में 10 हजार से अधिक की वृद्धि का आगामी लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही, सरसों की फसल का रकबा 41 हजार तक बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने तथा किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। जिन क्षेत्रों में वर्षा कम हुई है, वहां बीज वितरण की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने तथा क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

फसल अवशेष प्रबंधन के लिए एसएमएस से दी जाएगी जानकारी

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में किसानों को एसएमएस के माध्यम से समय पर जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत पराली एवं नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, प्रतिबंधित गतिविधियों तथा हार्वेस्टर के पंजीयन से संबंधित आवश्यक सूचनाएं किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया, ताकि फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लंबित प्रकरणों का होगा निराकरण

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से अब तक विभिन्न कारणों से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विकासखंडवार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। शिविरों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण करने, आवश्यक अभिलेख एवं जानकारी संकलित करने तथा किसानों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा किसानों को समय पर आवश्यक जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएं।

अंडर 14 व 17 वर्ग की स्पर्धाएं

आदर्श विद्या मंदिर की प्रथम बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 28 से

बैठक में खेल नियमावली तैयार कर टीमों के मैच तय किए गए



माचलपुर। आदर्श विद्या मंदिर में प्रथम बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें अंडर-14 एवं अंडर-17 वर्ग की प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर चर्चा कर नियमावली तैयार की गई। साथ ही, सभी टीमों के मैच निष्पक्ष तरीके से निर्धारित करने के लिए सर्वसम्मति से गोटी डालकर तय किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार, 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इसमें आदर्श विद्या मंदिर माचलपुर, प्रज्ञा पब्लिक स्कूल माचलपुर, काशी गुरुकुल माचलपुर, रॉयल हाइट्स जीरापुर, संस्कार विद्या निकेतन ब्राह्मणगांव, आदर्श विद्या मंदिर गोघटपुर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाड़गांव की टीमें मैदान में उतरेंगी।

बैठक में विद्यालय संचालक जगदीश गुर्जर, आदर्श विद्या मंदिर के महेश दांगी एवं खेल शिक्षक अरविंद गोस्वामी, संस्कार विद्या निकेतन होकम टेलर, प्रज्ञा पब्लिक स्कूल आलम कोतवाल, काशी गुरुकुल संदीप प्रजापति, रॉयल हाइट्स सोनू राठौर, शासकीय विद्यालय बाड़गांव ईश्वर परमार, आदर्श विद्या मंदिर गोघटपुर रामबाबू गुर्जर सहित संजय शर्मा, संदीप शर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

श्रीराम का राज्याभिषेक, श्रद्धालुओं ने उतारी आरती

स्थानीय कलाकारों ने किया सजीव मंचन, सेवाभाव की हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 16 दिवसीय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की रामलीला में सारगर्भित प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर कर दिया।इसी क्रम में भगवान श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटने तथा उनके राज्याभिषेक का भावपूर्ण मंचन किया गया। राज्याभिषेक के प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।इस दौरान राजगुरु विश्वामित्र द्वारा राज्याभिषेक की परंपरा का चित्रण किया गया तथा भगवान श्रीराम की आरती की गई।

जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने की आरती

54 वर्ष से लगातार चल रही रामलीला में राजतिलक कि प्रथम आरती विगत 41 वर्षो से विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गोकरण वर्मा करते आ रहे हैं।जहां प्रथम आरती 42 हजार रुपये की सहयोग राशि से की गई। रामलीला मंडल अध्यक्ष दिनेश पुरोहित ने 21 हजार रुपये द्वितीय आरती, संजय जमींदार बंटी, ओम करोडिया , श्याम करोडिया ने 11 हजार रुपये में तृतीय आरती तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने 21 हजार रुपये में चतुर्थ आरती , सीएमओ देवनारायण दांगी, सुसनेर सीएमओ हरिओम



शर्मा, ऊंकार दांगी , दिनेश गुर्जर द्वारा 12 हजार 500 रुपये कि सहयोग राशि देकर पांचवी आरती उतारी। इसी क्रम में श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ संयोजक पंडित श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में, खाड़ी मंदिर समिति सेवादल, हिंदू उत्सव, गीता स्वाध्याय, मां अंबिका गरबा, भयंकर ग्रुप, प्रेस क्लब एवं तिरंगा मित्र मंडल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी आरती में भेंट राशि प्रदान कर सहभागिता की।

निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे कलाकार

रामलीला की विशेषता यह है कि इसमें विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाने वाले कलाकार प्रतिदिन निःशुल्क सेवाएं देकर धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। बालमुकुंद वैष्णव , गोपाल आचार्य , देवीलाल चैहान तबला एवं व्यास पीठ से सेवाएं दी। जबकि रामलीला का संचालन एवं अन्य व्यवस्थाएं सबसे वरिष्ठ मोहनलाल पुष्पद (सेवानिवृत्त शिक्षक) संभाल रहे हैं। अर्जुन सिंह पटेल , विजय सिंह चैधरी, मुकेश मालाकार टेक्सी तथा सबसे कम उम्र के लव जमींदार 8 वर्ष , दिव्यांशी तिवारी 9 वर्ष स्वप्निल आचार्य 12 वर्ष सहित अन्य छोटे बच्चे स्वरूप बनकर सेवाएं दे रहे।दर्शक कलाकारों के अभिनय, संवाद और मंचन की सराहना कर रहे हैं। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहयोग और कलाकारों की निःस्वार्थ सेवा इस आयोजन को विशेष बना रही है।

भूमि सुपोषण अभियान के अंतर्गत किसानों को भूमि की उर्वरता व मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करेंगे

कलेक्टर ने किसान गौरव रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से भूमि सुपोषण अभियान के अंतर्गत किसान गौरव रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भूमि सुपोषण अभियान का उद्देश्य भूमि की उर्वरता एवं मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा किसानों को भूमि की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। किसान गौरव रथ यात्रा के माध्यम से किसानों तक भूमि सुपोषण के महत्व से संबंधित संदेश पहुंचाने और कृषि भूमि के बेहतर प्रबंधन के प्रति जागरूकता विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। यह पहल कृषि भूमि के स्वास्थ्य संरक्षण, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा किसानों को जागरूक कर कृषि की



उत्पादकता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

अध्यक्षों व पदाधिकारियों, पार्षदों, नेताओं, को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरावर के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के 26 अक्टूबर को सारंगपुर के रास्ते राजगढ़ जिले में प्रवेश को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई तथा यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में विधानसभा प्रभारी चैन सिंह गुर्जर एवं ब्लॉक प्रभारी मोतीलाल लोधा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं को



यात्रा की तैयारियों और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी कार्यकर्ताओं से यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई।यात्रा के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, मंडलम अध्यक्षों, पंचायत कांग्रेस समिति के अध्यक्षों, नगर कांग्रेस अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों, पार्षदों, वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। वक्ताओं ने गांव-गांव और वार्डों में जनसंपर्क कर आमजन को यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने पर जोर दिया।बैठक को विधानसभा प्रभारी चैन सिंह गुर्जर, ब्लॉक प्रभारी मोतीलाल लोधा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने किया, जबकि अंत में नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कांग्रेस पार्षदों, आसपास के क्षेत्रों के मंडलम अध्यक्षों, पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मातृ व शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने 'सुमन पंचायत' पहल का शुभारंभ

शून्य मातृ मृत्यु, बाल मृत्यु व खसरा-रूबेला के शून्य प्रकरण वाली पात्र ग्राम पंचायतों को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश शासन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, मातृ एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने तथा सुरक्षित मातृत्व को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन पंचायत)' पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल का शुभारंभ 28 जून, 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सामुदायिक जिम्मेदारी बढ़ाना तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। सुमन पंचायत पहल के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों की निगरानी, जनजागरूकता और विभागीय समन्वय को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके माध्यम से मातृ मृत्यु, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु तथा खसरा एवं रूबेला के प्रकरणों में कमी लाने के लिए सामुदायिक स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

पहल के अंतर्गत 01 जनवरी, 2026 से 31 दिसंबर, 2026 तक की अवधि में शून्य मातृ मृत्यु, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की शून्य मृत्यु तथा खसरा-रूबेला के शून्य प्रकरण दर्ज करने वाली पात्र ग्राम पंचायतों को राज्य स्तर पर प्रमाण-पत्र के साथ एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार, सर्वाधिक पात्र सुमन पंचायतों वाले उत्कृष्ट विकासखंड को 50 हजार रुपये तथा सर्वाधिक पात्र पंचायतों वाले सर्वश्रेष्ठ जिले को भी 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रोत्साहन राशि का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं, परिवहन सुविधाओं तथा सामुदायिक जागरूकता गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए किया जाएगा।

निर्धारित समय-सीमा में पूरी होगी आवेदन व सत्यापन प्रक्रिया

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर त्रिस्तरीय सत्यापन की व्यवस्था की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05 जनवरी, 2027 तकरू पात्र ग्राम पंचायतों द्वारा पंचायत सचिव के माध्यम से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे। 10 जनवरी, 2027 तक विकासखंड स्तर पर सत्यापन के उपरांत आवेदन जिला स्तर पर भेजे जाएंगे। 15 जनवरी, 2027 तक जिला कलेक्टरध्जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से पात्र प्रस्ताव राज्य स्तर पर प्रस्तुत किए जाएंगे। 26 जनवरी, 2027 राज्य स्तर पर चयनित पात्र ग्राम पंचायतों, विकासखंडों एवं जिलों को 'सुमन पंचायत' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

तीन विभागों के समन्वय से होगा प्रभावी क्रियान्वयन

सुमन पंचायत पहल के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच आपसी समन्वय, नियमित समीक्षा और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया है। इस पहल के माध्यम से ग्राम पंचायतों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाते हुए सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

लोहे के सरियों से भरा लोडिंग ऑटो पलटा, चालक की मौत

विदिशा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के करैयाखेड़ा रोड पर मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बिलराई निवासी महेश अहिरवार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार महेश अपने लोडिंग ऑटो में पीतलमील से करैयाखेड़ा रोड स्थित तमोरिया में स्वयं के निर्माणाधीन भवन के लिए लोहे के सरिए लेकर जा रहे थे। घर पहुंचने से पहले रास्ते में उनका ऑटो अचानक पलट गया। लोहे के सरियों की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

दीपावली पर कार्बाइड गन और लैंप पर रोक के निर्देश जारी

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर एवं एसपी-आईजी कॉन्फ्रेंस में कानून व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने दीपावली पर कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबंध संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने और बाजारों में निगरानी रखने को कहा। साथ ही लोगों, विशेषकर बच्चों और युवाओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, स्वामित्व योजना, नरवाई प्रबंधन, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती और 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

रावण दहन के साथ माता की प्रतिमाएं विसर्जित की

कुरवाई। दशहरा पर्व पर रावण दहन के बाद शारदीय नवरात्रि का समापन मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हुआ। नौ दिनों तक नगर में भक्ति का माहौल रहा। इस दौरान आरती, भजन-कीर्तन, महाआरती, कन्या भोज और नगर भंडारे आयोजित किए गए। प्रतिमाओं को फूलों से सजाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ बेतवा नदी पुल घाट ले जाया गया, जहां देर रात तक विसर्जन चलता रहा। नगर पालिका ने घाट पर रोशनी और हाइड्रा की व्यवस्था की। इस दौरान एसडीएम मोतीलाल अहिरवार सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।